प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्र और राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की : लम्बित भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण 15 मार्च तक पूरा करने के दिये निर्देश।
2. गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से गोवा और कोलकाता के लिये विमान सेवा आज से हुई शुरू : केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मनोहर नायडू ने कहा– हिंडन से अन्य शहरों के लिये भी जल्द शुरू होगी उड़ान सेवा।
3. केन्द्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में महिलाओं के लिये ट्रेनिंग सेंटर का किया शुभारम्भ। और
4. पवित्र माह रमजान का पहला रोज कल : डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये दिये आवश्यक दिशा निर्देश।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज केंद्र और राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आयोजित बैठक में शामिल शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों को वीडियो

कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न संचालित परियोजनाओं में लंबित भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण की कार्रवाई 15 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं की जिलाधिकारी प्रत्येक सप्ताह में और आयुक्त 15 दिन में समीक्षा अवश्य करें। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक कार्यों की मॉनीटरिंग के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी किए जाने और कार्य की समयबद्धता एवं गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी परियोजना में देरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी, इससे राजस्व पर असर पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में ईएसआईसी द्वारा 350 और गोरखपुर में 100 बेड के हॉस्पिटल निर्माण की कार्रवाई को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न करने वाले लोगों को चिह्नित करने और उनसे सख्ती से निपटने के निर्देश भी दिये। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

——————

गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से गोवा और कोलकाता के लिए विमान सेवा आज से शुरू हो गयी है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने हिंडन एयरपोर्ट सिविल टर्मिनल पर गोवा जाने वाली फ्लाइट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पहली फ्लाइट पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल त्यागी एवं संजीव शर्मा समेत 70 लोग गोवा के लिए रवाना हुए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा कि हिंडन से अन्य शहरों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी दी जाएगी। प्रयागराज, लखनऊ, अयोध्या और

वाराणसी के लिए भी उड़ान सेवा जल्द शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि हिंडन से 180 सीटर हवाई जहाज का परिचालन किया जायेगा। हिंडन एयरपोर्ट से कल से बेंगलुरु के लिए और 22 मार्च से जम्मू और चेन्नई के लिए भी विमान सेवा शुरू होगी।

————————

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रनवे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके चलते आज से आठ घंटे तक रनवे बंद रहेगा। यह सिलसिला 15 जुलाई तक जारी रहेगा और इस दौरान यहां से संचालित होने वाली करीब 16 उड़ान सेवाएं निरस्त रहेंगी। एयरपोर्ट प्रवक्ता रूपेश कुमार ने बताया कि उड्डयन महानिदेशालय से मंजूरी मिलने के बाद टर्मिनल टी–3 के रनवे की रिकारपेटिंग का कार्य कराया जाना है। इस कार्य की शुरूआत आज से हो गई है, जिसके चलते सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक उड़ान सेवाएं बाधित रहेगी। सुबह 10 बजे से पहले और शाम छह बजे के बाद करीब 132 उड़ानें सामान्य रूप से संचालित होंगी। वर्तमान में यहां से प्रतिदिन करीब 155 विमानों की आवाजाही होती है, जिसमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं।

————————

केंद्रीय कौशल विकास राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने नीति आयोग एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

की संयुक्त पहल पर आज मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में महिलाओं के लिय ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत दो दिवसीय यह कार्यक्रम, छात्राओं के कौशल उन्नयन, प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। बाइट.....

*स्वावलंबी नीति आयोग और हमारे कौशल विकास मंत्रालय के अन्तर्गत कार्यक्रम है। उसमें चार विश्वविद्यालयों में 600 बच्चियों को हम उद्यमी बनाने के लिये उनको ट्रेनिंग देंगे। आगे जा कर फंडिंग के लिये और मेट्रिंग के लिये भी उनके रास्ते खुल जायेंगे और सभी एनएससी और सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ के बीच करार हुआ है। एआई में वेस्ट मैनेजमेंट में न्यू टेक्टनोलॉजी में तो सारे कोर्सेस दो महीने से लेकर 12 महीने तक के कोर्सेज की अवधि है। बहुत वैल्यूवल कोर्स है, वो बच्चों के लिये उपलब्ध रहेंगे और एनएसडीसी एकेडमी के साथ–साथ फ्यूचर स्विल इंस्ट्रीट्यूशन में हम हेल्थ केयर से लेकर एआई तक ट्रेनिंग में जो हमारे कार्यक्रम है ऑलरेडी सर्टीफिकेशन है वह अब सीसीएस के छात्रों को मिल जायेंगे।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

प्रदेश के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री राकेश सचान ने आज वाराणसी के दीनदयाल हस्तकला संकुल में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी ऋण वितरण कार्यक्रम के तहत युवाओं को ऋण वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व्यवसाय को बढ़ाने के लिए ब्याज मुक्त 5 लाख रूपए तक का ऋण उपलब्ध करा रही है, जिससे युवा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूती से अपना कदम बढ़ा सके। इस अवसर पर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए टूलकिट भी उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की स्टांप एवं पंजीयन राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल और आयुष राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयाल भी उपस्थित रहे।

———————

सीतापुर में विश्व प्रसिद्ध तीर्थ नैमिषारण्य की 84 कोसी परिक्रमा आज से शुरू हो गइ। रामदल के नाम से प्रसिद्ध परिक्रमार्थियों का दल पहले पड़ाव स्थल के लिए प्रस्थान कर गया। कल रामफल सरायन नदी पार कर दल हरदोई के हरैया में प्रवेश करेगा। पौराणिक मान्यता है कि प्रभु राम ने यहां परिवार समेत परिक्रमा की थी, तभी से परिक्रमार्थियों को रामदल के नाम से जाना जाता है। इस परिक्रमा में देश विदेश से लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं।

———————

पवित्र माह रमज़ान की शुरुआत कल से होगी। आज शाम से तरावीह की विशेष नमाज शुरू हो रही है। पेश है एक रिपोर्ट........

*इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का पहला रोजा कल होगा। इसके चलते बाजारों में रौनक बढ़ गई है। लोग सहरी और अफ्तारी के लिए खरीदारी कर रहे हैं। आज से शुरू हो रही तरावीह की नमाज के लिए मस्जिदों में विशेष प्रबंध किए गए हैं। पूरे प्रदेश में संवेदनशील स्थानो पर स्थित मस्जिदों के आस पास पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मुस्लिम धर्म गुरुओं ने आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ रमजान मनाने की हिदायत मुस्लिम समुदाय को दी है। मुमताज़ अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

——————

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने रमजान, ईद उल फितर और अन्य त्योहारों को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के आयोजकों, पोस कमेटो और धर्मगुरूओं के साथ गोष्ठी को जाये। साथ ही रमजान माह में विभिन्न कार्यक्रमों और जुलूसों के मार्ग पर फ्लैग मार्च कराया जाए। उन्होंने ड्रोन औऱ सीसीटीवी के माध्यम से आयोजन स्थलों और संवेदनशील जगहों की निगरानी करने के भी निर्देश दिये। इसके साथ ही डीजीपी ने सोशल मीडिया और असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी करने

के भी निर्देश दिए हैं। त्योहारों के मद्देनजर खुफिया तंत्र को अलर्ट कर दिया गया है।

————————

आगरा जिल के फतेहाबाद थाना क्षेत्र में लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर आज सुबह एक बस पीछे से ट्रक में घुस गई। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई यात्री घायल हो गए। बस बनारस से आगरा की ओर आ रही थी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

————————

छठी सीनियर वूमेन एशिया कबड्डी चम्पियनशिप का आयोजन आगामी 04 मार्च से 09 मार्च तक तेहरान में किया जा रहा है, जिसमें बिजनौर की खिलाड़ी नेहा दक्ष का चयन हुआ है, जिससे जिले के खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। जिला क्रीड़ाधिकारो राजकुमार ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

उधर पीलीभीत जिले के गांधी स्टेडियम में चल रही 12 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता–2025 का समापन आज पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में जोन की 08 टीमों द्वारा प्रतिभाग

किया। महिला आर्चरी चम्पियनशिप में पीलीभीत ने और पुलिस आर्चरी चम्पियनशिप में शाहजहांपुर ने कब्जा किया।

——————

प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में रुक–रुक कर हो रही बारिश के बीच कल रात कई जिलों में ओलावृष्टि हुई। बदायूं, अलीगढ़ और लखीमपुर में हुई ओलावृष्टि से कई फसलों को लाभ तो कई फसलों को नुकसान होने के आसार हैं। पीलीभीत, हापुड़, संभल, अमरोहा और श्रावस्ती में बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में कल मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

(समाप्त)